Test Booklet No.
प्रश्नपत्रिका क्र.

**M**

# Paper-III
# HINDI

**Signature and Name of Invigilator**

1. (Signature) .........................................

(Name) ................................................

2. (Signature) .........................................

(Name) ................................................

Seat No. | | | | | | |

(In figures as in Admit Card)

Seat No. ............................................................

(In words)

OMR Sheet No. | | | | | | |

(To be filled by the Candidate)

## AUG - 02315

**Time Allowed : 2½ Hours]** **[Maximum Marks : 150**

Number of Pages in this Booklet : 24 Number of Questions in this Booklet : 75

**Instructions for the Candidates**

1. Write your Seat No. and OMR Sheet No. in the space provided on the top of this page.
2. This paper consists of **75** objective type questions. Each question will carry *two* marks. *All* questions of Paper-III will be compulsory, covering entire syllabus (including all electives, without options).
3. At the commencement of examination, the question booklet will be given to the student. In the first 5 minutes, you are requested to open the booklet and compulsorily examine it as follows :
   (*i*) To have access to the Question Booklet, tear off the paper seal on the edge of this cover page. Do not accept a booklet without sticker-seal or open booklet.
   (*ii*) **Tally the number of pages and number of questions in the booklet with the information printed on the cover page. Faulty booklets due to missing pages/ questions or questions repeated or not in serial order or any other discrepancy should not be accepted and correct booklet should be obtained from the invigilator within the period of 5 minutes. Afterwards, neither the Question Booklet will be replaced nor any extra time will be given. The same may please be noted.**
   (*iii*) After this verification is over, the OMR Sheet Number should be entered on this Test Booklet.
4. Each question has four alternative responses marked (A), (B), (C) and (D). You have to darken the circle as indicated below on the correct response against each item.
   **Example :** where (C) is the correct response.
   (A) (B) ● (D)
5. Your responses to the items are to be indicated in the **OMR Sheet given inside the Booklet only.** If you mark at any place other than in the circle in the OMR Sheet, it will not be evaluated.
6. Read instructions given inside carefully.
7. Rough Work is to be done at the end of this booklet.
8. If you write your Name, Seat Number, Phone Number or put any mark on any part of the OMR Sheet, except for the space allotted for the relevant entries, which may disclose your identity, or use abusive language or employ any other unfair means, you will render yourself liable to disqualification.
9. You have to return original OMR Sheet to the invigilator at the end of the examination compulsorily and must not carry it with you outside the Examination Hall. You are, however, allowed to carry the Test Booklet and duplicate copy of OMR Sheet on conclusion of examination.
10. **Use only Blue/Black Ball point pen.**
11. **Use of any calculator or log table, etc., is prohibited.**
12. **There is no negative marking for incorrect answers.**

**विद्यार्थ्यांसाठी महत्त्वाच्या सूचना**

1. परिक्षार्थींनी आपला आसन क्रमांक या पृष्ठावरील वरच्या कोपऱ्यात लिहावा. तसेच आपणांस दिलेल्या उत्तरपत्रिकेचा क्रमांक त्याखाली लिहावा.
2. सदर प्रश्नपत्रिकेत 75 बहुपर्यायी प्रश्न आहेत. प्रत्येक प्रश्नास **दोन** गुण आहेत. या प्रश्नपत्रिकेतील **सर्व** प्रश्न सोडविणे अनिवार्य आहे. सदरचे प्रश्न हे या विषयाच्या संपूर्ण अभ्यासक्रमावर आधारित आहेत.
3. परीक्षा सुरू झाल्यावर विद्यार्थ्याला प्रश्नपत्रिका दिली जाईल. सुरुवातीच्या 5 मिनीटांमध्ये आपण सदर प्रश्नपत्रिका उघडून खालील बाबी अवश्य तपासून पहाव्यात.
   (*i*) प्रश्नपत्रिका उघडण्यासाठी प्रश्नपत्रिकेवर लावलेले सील उघडावे. सील नसलेली किंवा सील उघडलेली प्रश्नपत्रिका स्विकारू नये.
   (*ii*) **पहिल्या पृष्ठावर नमूद केल्याप्रमाणे प्रश्नपत्रिकेची एकूण पृष्ठे तसेच प्रश्नपत्रिकेतील एकूण प्रश्नांची संख्या पडताळून पहावी. पृष्ठे कमी असलेली/कमी प्रश्न असलेली/प्रश्नांचा चूकीचा क्रम असलेली किंवा इतर त्रुटी असलेली सदोष प्रश्नपत्रिका सुरुवातीच्या 5 मिनिटातच पर्यवेक्षकाला परत देऊन दुसरी प्रश्नपत्रिका मागवून घ्यावी. त्यानंतर प्रश्नपत्रिका बदलून मिळणार नाही तसेच वेळही वाढवून मिळणार नाही याची कृपया विद्यार्थ्यांनी नोंद घ्यावी.**
   (*iii*) वरीलप्रमाणे सर्व पडताळून पहिल्यानंतरच प्रश्नपत्रिकेवर ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेचा नंबर लिहावा.
4. प्रत्येक प्रश्नासाठी (A), (B), (C) आणि (D) अशी चार विकल्प उत्तरे दिली आहेत. त्यातील योग्य उत्तराचा रकाना खाली दर्शविल्याप्रमाणे ठळकपणे काळा/निळा करावा.
   **उदा. :** जर (C) हे योग्य उत्तर असेल तर.
   (A) (B) ● (D)
5. या प्रश्नपत्रिकेतील प्रश्नांची उत्तरे **ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेतच दर्शवावीत.** इतर ठिकाणी लिहीलेली उत्तरे तपासली जाणार नाहीत.
6. आत दिलेल्या सूचना काळजीपूर्वक वाचाव्यात.
7. प्रश्नपत्रिकेच्या शेवटी जोडलेल्या कोऱ्या पानावरच कच्चे काम करावे.
8. जर आपण ओ.एम.आर. वर नमूद केलेल्या ठिकाणा व्यतिरीक्त इतर कोठेही नाव, आसन क्रमांक, फोन नंबर किंवा ओळख पटेल अशी कोणतीही खूण केलेली आढळून आल्यास अथवा असभ्य भाषेचा वापर किंवा इतर गैरमार्गांचा अवलंब केल्यास विद्यार्थ्याला परीक्षेस अपात्र ठरविण्यात येईल.
9. परीक्षा संपल्यानंतर विद्यार्थ्याने मूळ ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिका पर्यवेक्षकांकडे परत करणे आवश्यक आहे. तथापी, प्रश्नपत्रिका व ओ.एम.आर. उत्तरपत्रिकेची द्वितीय प्रत आपल्याबरोबर नेण्यास विद्यार्थ्यांना परवानगी आहे.
10. **फक्त निळ्या किंवा काळ्या बॉल पेनचाच वापर करावा.**
11. **कॅलक्युलेटर किंवा लॉग टेबल वापरण्यास परवानगी नाही.**
12. **चुकीच्या उत्तरासाठी गुण कपात केली जाणार नाही.**

# Hindi
## Paper III
# हिंदी
## प्रश्न-पत्र III

Time Allowed : 2½ Hours] [Maximum Marks : 150

**सूचनाएँ :** (*i*) इस प्रश्न-पत्र में **पचहत्तर** (75) वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं।
(*ii*) प्रत्येक प्रश्न के **दो** (2) अंक हैं।
(*iii*) **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

1. फोर्ट विलियम कॉलेज में हिन्दुस्तानी के अध्यापक कौन थे ?
   (A) विलियम जोन्स
   (B) गिल क्राइस्ट
   (C) ग्रियर्सन
   (D) विलियम प्राइस

2. 'नई कविता' के सम्पादक कौन थे ?
   (A) जगदीश गुप्त
   (B) अज्ञेय
   (C) भारतेन्दु
   (D) नरेश मेहता

3. 'इन्दुमती' किसकी कहानी है ?
   (A) किशोरीलाल गोस्वामी
   (B) प्रेमचंद
   (C) जयशंकर प्रसाद
   (D) यशपाल

4. सूरदास प्रेमचंद के किस उपन्यास का पात्र है ?
   (A) रंगभूमि
   (B) मंगलसूत्र
   (C) गोदान
   (D) गबन

5. 'सदियों का संताप' किस दलित कवि की काव्यकृति है ?

(A) डॉ. जयप्रकाश कर्दम

(B) मोहनदास नैमिशराय

(C) ओमप्रकाश वाल्मीकि

(D) कँवल भारती

6. रीतिकाल के लक्षण ग्रंथों का निर्माण करने वालों को क्या कहा जाता है ?

(A) कवि

(B) आलोचक

(C) आचार्य

(D) पंडित

7. 'बिहारी सतसई' में कुल कितने दोहे और सोरठे हैं ?

(A) 723

(B) 733

(C) 713

(D) 703

8. 'बतकहाऊ रसमै जु है, कवित्त कहावै सोय' कथन किसका है ?

(A) पद्माकर

(B) कुलपति मिश्र

(C) देव

(D) चिंतामणि

9. रीतिकाल के शृंगार को रुग्ण शृंगार किसने कहा ?

(A) महावीरप्रसाद द्विवेदी

(B) हजारीप्रसाद द्विवेदी

(C) विश्वनाथ प्रसाद मिश्र

(D) आचार्च रामचंद्र शुक्ल

10. 'बातों का संग्रह' किसके निबंधों के लिए कहा गया है ?

(A) आ. रामचंद्र शुक्ल

(B) आ. महावीरप्रसाद द्विवेदी

(C) भारतेंदु हरिश्चंद्र

(D) बाबू गुलाबराय

11. 'भारत दुर्दशा' में भारतभाग्य की आत्महत्या से भारतेंदु क्या सूचित करते हैं ?
   (A) भारत की दुर्दशा का अंत
   (B) भाग्यवाद पर प्रहार
   (C) भारत की दुरवस्था पर खेद
   (D) भारत के विगत वैभव पर शोक

12. कौनसा भाव रस के रूप में निष्पन्न होता है ?
   (A) स्थायी भाव
   (B) संचारी भाव
   (C) अनुभाव
   (D) विभाव

13. लाला श्रीनिवासदास कृत 'परीक्षा गुरु' का प्रकाशन वर्ष :
   (A) 1882
   (B) 1886
   (C) 1878
   (D) 1892

14. 'यदि मैं गोदान लिखता' शीर्षक लेख किसने लिखा है ?
   (A) मुक्तिबोध
   (B) नगेन्द्र
   (C) रघुवीर सहाय
   (D) जैनेन्द्र

15. 'दशरूपक' के रचनाकार हैं :
   (A) भट्टतौत
   (B) धनंजय
   (C) क्षेमेन्द्र
   (D) मम्मट

16. 'रस मीमांसा' शीर्षक ग्रंथ किसने लिखा है ?
   (A) नगेन्द्र
   (B) रामचंद्र शुक्ल
   (C) छैलबिहारी गुप्त राकेश
   (D) राममूर्ति त्रिपाठी

17. 'व्यक्तिविवेक' शीर्षक ग्रंथ किसने लिखा है ?
    (A) महिम भट्ट
    (B) भोज
    (C) क्षेमेन्द्र
    (D) धनंजय

18. रस सिद्धान्त के संदर्भ में आरोपवाद के प्रवर्तक कौन थे ?
    (A) भट्टतौत
    (B) भट्टलोल्लट
    (C) भट्टनायक
    (D) महिम भट्ट

19. 'प्रैक्टिकल क्रिटिसिज्म' किसकी आलोचना कृति है ?
    (A) मैथ्यू आर्नल्ड
    (B) टी. एस. इलियट
    (C) आई. ए. रिचर्ड्स
    (D) वर्ड्सवर्थ

20. प्लेटो के अनुसार काव्य सत्य से कितना दूर होता है ?
    (A) दो गुना
    (B) चार गुना
    (C) तिगुना
    (D) आठ गुना

21. ऐतिहासिक काल की दृष्टि से नाटककारों का **सही** क्रम क्या है ?
    (A) महाराजा विश्वनाथ सिंह, भारतेंदु हरिश्चंद्र, हरिकृष्ण प्रेमी, जयशंकर प्रसाद
    (B) भारतेंदु हरिश्चंद्र, महाराजा विश्वनाथ सिंह, हरिकृष्ण प्रेमी, जयशंकर प्रसाद
    (C) भारतेंदु हरिश्चंद्र, महाराजा विश्वनाथ सिंह, जयशंकर प्रसाद, हरिकृष्ण प्रेमी
    (D) महाराजा विश्वनाथ सिंह, भारतेंदु हरिश्चंद्र, जयशंकर प्रसाद, हरिकृष्ण प्रेमी

22. प्रकाशन वर्ष के अनुसार निम्नलिखित रचनाओं का **सही** अनुक्रम है :

(A) रसरहस्य, काव्यविलास, रसपीयूष निधि, भावविलास

(B) भावविलास, रसरहस्य, काव्यविलास, रसपीयूष निधि

(C) रसरहस्य, भावविलास, रसपीयूष निधि, काव्यविलास

(D) काव्यविलास, रसपीयूष निधि, भावविलास, रसरहस्य

23. प्रसाद के नाटकों का प्रकाशन वर्ष के क्रम से **सही** वर्ग कौनसा है ?

(A) अजातशत्रु, सज्जन, प्रायश्चित, चन्द्रगुप्त

(B) अजातशत्रु, जनमेजय का नाग यज्ञ, एक घूंट, चन्द्रगुप्त

(C) अजातशत्रु, एक घूंट, जनमेजय का नाग यज्ञ, विशाख

(D) विशाख, कामना, अजातशत्रु, चन्द्रगुप्त

24. निम्न पत्र-पत्रिकाओं के प्रकाशन वर्ष के क्रमानुसार **सही** वर्ग कौनसा है ?

(A) उदंत मार्तंड, बनारस अखबार, मार्तंड, मालवा अखबार

(B) मार्तंड, बनारस अखबार, मालवा अखबार, बुद्धि प्रकाश

(C) बुद्धि प्रकाश, बनारस अखबार, मालवा अखबार, उदंत मार्तंड

(D) मालवा अखबार, बनारस अखबार, प्रजाहितैषी, मार्तंड

25. प्रकाशन वर्ष के आधार पर निम्नलिखित यात्रा-वृतान्तों का **सही** अनुक्रम कौनसा है ?

(A) दिल्ली से मास्को, रूस में पच्चीस मास, आँखों देखा रूस, बदलते रूस में

(B) बदलते रूस में, दिल्ली से मास्को, आँखों देखा रूस, रूस में पच्चीस मास

(C) आँखों देखा रूस, रूस में पच्चीस मास, दिल्ली से मास्को, बदलते रूस में

(D) रूस में पच्चीस मास, दिल्ली से मास्को, आँखों देखा रूस, बदलते रूस में

26. प्रकाशन समय के अनुसार पत्रिकाओं का **सही** अनुक्रम है :
    (A) ब्राह्मण, सरस्वती, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, आनंद कादंबिनी
    (B) सरस्वती, ब्राह्मण, आनंद कादंबिनी, नागरी प्रचारिणी पत्रिका
    (C) आनंद कादंबिनी, ब्राह्मण, नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सरस्वती
    (D) नागरी प्रचारिणी पत्रिका, सरस्वती, ब्राह्मण, आनंद कादंबिनी

27. जैनेंद्र के उपन्यासों का कालक्रम के अनुसार **सही** वर्ग कौनसा है ?
    (A) परख, सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी
    (B) कल्याणी, त्यागपत्र, सुनीता, परख
    (C) त्यागपत्र, कल्याणी, परख, सुनीता
    (D) सुनीता, त्यागपत्र, कल्याणी, परख

28. जयशंकर प्रसाद की प्रमुख काव्यकृतियों का कालक्रमानुसार **सही** क्रम कौनसा है ?
    (A) झरना, आँसू, लहर, कामायनी
    (B) लहर, कामायनी, आँसू, झरना
    (C) आँसू, झरना, लहर, कामायनी
    (D) झरना, कामायनी, लहर, आँसू

29. संत कवियों का कालक्रमानुसार **सही** वर्ग कौनसा है ?
    (A) दादूदयाल, मलूकदास, सुंदरदास, कबीर
    (B) कबीर, दादूदयाल, मलूकदास, सुंदरदास
    (C) सुंदरदास, मलूकदास, कबीरदास, दादूदयाल
    (D) मलूकदास, कबीरदास, दादूदयाल, सुंदरदास

30. महात्मा गाँधी के जीवन पर आधारित जीवनियों का प्रकाशन वर्ष के अनुसार **सही** क्रम कौनसा है ?

(A) बापू, बापू की झाँकियाँ, बापू के कदमों में, अकाल पुरुष गाँधी

(B) अकाल पुरुष गाँधी, बापू, बापू की झाँकियाँ, बापू के कदमों में

(C) बापू की झाँकियाँ, बापू के कदमों में, अकाल पुरुष गाँधी, बापू

(D) बापू के कदमों में, बापू की झाँकियाँ, बापू, अकाल पुरुष गाँधी

31. निम्नलिखित कृतियों को उनके लेखकों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) कलम का सिपाही | (1) अमृत राय |
| (*b*) निराला की साहित्य साधना | (2) रामविलास शर्मा |
| (*c*) अग्नि सेतु | (3) विष्णु चंद्र शर्मा |
| (*d*) आवारा मसीहा | (4) विष्णु प्रभाकर |
| | (5) हजारीप्रसाद द्विवेदी |

इनमें से कौनसा विकल्प सही है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (4) | (3) | (2) |
| (B) | (1) | (2) | (3) | (4) |
| (C) | (4) | (3) | (2) | (1) |
| (D) | (4) | (5) | (3) | (2) |

32. रचनाकारों को उनके उपन्यासों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) अपने-अपने राम | (1) वृन्दावनलाल वर्मा |
| (*b*) विजन | (2) भगवान सिंह |
| (*c*) तर्पण | (3) चित्रा मुद्‌गल |
| (*d*) आवाँ | (4) मैत्रेयी पुष्पा |
| | (5) शिवमूर्ति |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (5) | (4) | (3) |
| (B) | (2) | (4) | (5) | (3) |
| (C) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (D) | (2) | (3) | (4) | (5) |

33. निबंधों तथा निबंधकारों का सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) राष्ट्रीय नाक | (1) उदय प्रकाश |
| (*b*) कभी कभार | (2) गिरिराज किशोर |
| (*c*) कथ अकथ | (3) अशोक बाजपेयी |
| (*d*) सोहम | (4) विष्णु नागर |
| | (5) विद्यानिवास मिश्र |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (2) | (5) |
| (B) | (2) | (5) | (4) | (3) |
| (C) | (5) | (4) | (1) | (3) |
| (D) | (4) | (1) | (2) | (3) |

34. 'अंधेर नगरी' के बाजार-दृश्य के कथनों को संबंधित पात्रों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) चने जोर गरम-टके सेर | (1) कुँजड़िन |
| (*b*) अमरूत निबुआ मटर होहरा-जैसे काजी वैसे पाजी | (2) पाचनवाला |
| (*c*) वेद धर्म कुल मरजादा सचाई-बड़ाई सब टके सेर | (3) जातवाला |
| (*d*) चूरन साहब लोग जो खाता, सारा हिंद हजम कर जाता | (4) मुगल |
| | (5) घासीराम |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (B) | (5) | (1) | (3) | (2) |
| (C) | (3) | (2) | (4) | (5) |
| (D) | (5) | (3) | (1) | (4) |

35. निबंधकारों और उनकी रचनाओं का सुमेलन कीजिए :

(*a*) रामचंद्र शुक्ल — (1) अशोक के फूल

(*b*) हजारीप्रसाद द्विवेदी — (2) तमाल के झरोखे से

(*c*) विद्यानिवास मिश्र — (3) चिंतामणि

(*d*) कुबेरनाथ राय — (4) शृंखला की कड़ियाँ

(5) विषाद योग

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (4) | (1) | (5) |
| (B) | (1) | (3) | (2) | (4) |
| (C) | (3) | (1) | (2) | (5) |
| (D) | (1) | (3) | (4) | (2) |

36. पंक्तियों को कवियों के साथ सुमेलित कीजिए :

(*a*) रीति सुभास कवित्त की बरनत बुध अनुसार। — (1) पद्माकर

(*b*) कोऊ कितेक उपाय करो, कहुं होत है आपुने पीव पराये। — (2) चिंतामणि

(*c*) औरै रस औरै रीति औरै राग औरै रंग। — (3) मतिराम

(*d*) काव्य की रीति सिख्यौ सुकवीन्ह सौं। — (4) बिहारी

(5) भिखारीदास

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (1) | (5) |
| (B) | (3) | (2) | (4) | (1) |
| (C) | (1) | (5) | (3) | (2) |
| (D) | (4) | (1) | (2) | (3) |

37. रीतिकाल के वीरकाव्यों का उनके रचयिताओं के साथ सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | लाल कवि | (1) | हिम्मत बहादुर विरुदावली |
| (*b*) | पद्माकर भट्ट | (2) | नृसिंह चरित्र |
| (*c*) | सूदन | (3) | छत्रप्रकाश |
| (*d*) | खुमान | (4) | हम्मीर रासो |
| | | (5) | सुजान चरित |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (5) | (2) | (3) | (4) |
| (B) | (2) | (4) | (5) | (1) |
| (C) | (4) | (5) | (1) | (3) |
| (D) | (3) | (1) | (5) | (2) |

38. कवि और उनकी काव्य-कृति का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | भारतेन्दु | (1) | हार्दिक हर्षादर्श |
| (*b*) | प्रतापनारायण मिश्र | (2) | विनय प्रेम-पचासा |
| (*c*) | राधाकृष्ण दास | (3) | प्रेम पुष्पावली |
| (*d*) | प्रेमघन | (4) | देश दशा |
| | | (5) | पावन पचासा |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (B) | (2) | (4) | (5) | (1) |
| (C) | (2) | (5) | (4) | (1) |
| (D) | (1) | (3) | (2) | (4) |

39. कहानी-संग्रह और कहानीकारों का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | सूखा तथा अन्य कहानियाँ | (1) | कृष्णा सोबती |
| (*b*) | बादलों के घेरे | (2) | कृष्ण बलदेव वैद्य |
| (*c*) | रात की सैर | (3) | मन्नू भण्डारी |
| (*d*) | नायक खलनायक विदूषक | (4) | निर्मल वर्मा |
| | | (5) | राजेन्द्र यादव |

**सही** विकल्प चुनिए :

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (2) | (3) | (1) | (5) |
| (B) | (4) | (2) | (1) | (3) |
| (C) | (4) | (1) | (2) | (3) |
| (D) | (1) | (2) | (4) | (5) |

40. कवियों को उनकी रचनाओं के साथ सुमेलित कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | जायसी | (1) | कवितावली |
| (*b*) | तुलसीदास | (2) | साहित्य लहरी |
| (*c*) | सूरदास | (3) | अखरावट |
| (*d*) | कबीर | (4) | चंदायन |
| | | (5) | बीजक |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (1) | (2) | (5) |
| (B) | (5) | (4) | (3) | (1) |
| (C) | (3) | (2) | (5) | (4) |
| (D) | (1) | (2) | (3) | (4) |

41. सूचियों को सुमेलित कीजिए :

| सूची I | सूची II |
|---|---|
| (*a*) द रिपब्लिक | (1) लोंजाइन्स |
| (*b*) पेरिइप्सुस | (2) अरस्तु |
| (*c*) पोयटिक्स | (3) प्लेटो |
| (*d*) एस्थेटिक्स | (4) क्रोचे |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (3) | (2) | (1) | (4) |
| (B) | (3) | (1) | (2) | (4) |
| (C) | (1) | (4) | (3) | (2) |
| (D) | (3) | (1) | (2) | (4) |

42. निम्नलिखित उपन्यासों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) कितने पाकिस्तान | (1) जयप्रकाश कर्दम |
| (*b*) झूठा सच | (2) मन्नू भण्डारी |
| (*c*) छप्पर | (3) कमलेश्वर |
| (*d*) आपका बंटी | (4) यशपाल |
| | (5) कृष्णा सोबती |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (3) | (2) | (5) |
| (B) | (4) | (1) | (2) | (3) |
| (C) | (3) | (4) | (1) | (2) |
| (D) | (2) | (1) | (3) | (4) |

43. निम्नांकित नाटकों को उनके रचनाकारों के साथ सुमेलित कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) एक और द्रोणाचार्य | (1) आचार्य नन्दकिशोर |
| (*b*) हानूश | (2) सुरेन्द्र वर्मा |
| (*c*) जिल्लेसुबहानी | (3) भीष्म साहनी |
| (*d*) क़ैद ए हयात | (4) शंकर शेष |
| | (5) कृष्ण बलदेव वैद्य |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (B) | (5) | (2) | (4) | (1) |
| (C) | (2) | (1) | (3) | (5) |
| (D) | (1) | (4) | (2) | (3) |

44. निम्नलिखित आचार्यों और उनकी कृतियों का सुमेलन कीजिए :

| | |
|---|---|
| (*a*) रुद्रट | (1) रसगंगाधर |
| (*b*) धनंजय | (2) काव्यालंकार |
| (*c*) जगन्नाथ प्रसाद भानु | (3) दशरूपक |
| (*d*) पंडितराज जगन्नाथ | (4) काव्यप्रभाकर |
| | (5) सरस्वती कंठाभरण |

इनमें से कौनसा विकल्प **सही** है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (1) | (3) | (2) | (5) |
| (B) | (2) | (3) | (4) | (1) |
| (C) | (3) | (4) | (2) | (5) |
| (D) | (4) | (2) | (1) | (3) |

45. निम्नलिखित आचार्यों और उनकी धारणाओं का सुमेलन कीजिए :

| | | | |
|---|---|---|---|
| (*a*) | क्षेमेन्द्र | (1) | अलंकार |
| (*b*) | विश्वनाथ | (2) | रीति |
| (*c*) | वामन | (3) | वक्रोक्ति |
| (*d*) | कुंतक | (4) | औचित्य |
| | | (5) | रस |

इनमें **सही** विकल्प कौनसा है ?

| | (*a*) | (*b*) | (*c*) | (*d*) |
|---|---|---|---|---|
| (A) | (4) | (5) | (2) | (3) |
| (B) | (4) | (3) | (1) | (2) |
| (C) | (3) | (4) | (2) | (5) |
| (D) | (5) | (2) | (3) | (1) |

46. 'भारत-दुर्दशा' नाटक में बुद्धिजीवियों पर व्यंग्य करने वाले पात्रों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) सभापति, एडिटर, कवि, देशी महाशय

(B) सत्यनाश फौजदार, मदिरा, कवि, भारत दुर्देव

(C) भारत दुर्देव, सत्यनाश फौजदार, कवि, एडिटर

(D) एडिटर, आशा, कवि, देशी महाशय

47. भारतेंदु हरिश्चंद्र के मौलिक नाटकों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) रत्नावली, चंद्रावली, मुद्राराक्षस, कर्पूरमंजरी

(B) चंद्रावली, नीलदेवी, अंधेर-नगरी, भारत दुर्दशा

(C) चंद्रावली, तप्तासंवरण, मुद्राराक्षस, नीलदेवी

(D) अंधेर नगरी, चंद्रावली, विद्यासुंदर, प्रेमयोगिनी

48. रीतिकाल में प्रबन्ध काव्य लिखने वाले कवियों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) चिंतामणि, लालकवि, पद्माकर, देव

(B) देव, लालकवि, पद्माकर, कुलपति मिश्र

(C) चिंतामणि, कुलपति मिश्र, लालकवि, पद्माकर

(D) कुलपति मिश्र, लालकवि, पद्माकर, ब्रजवासी दास

49. रीतिकाल में लिखित नाटकों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) प्रबोध चंद्रोदय, हनुमान, शकुन्तला, जगतमोहन

(B) हनुमान, शकुन्तला, सीतवसन्त, जुगल विलास

(C) प्रबोध चंद्रोदय, हनुमान, शकुन्तला, माधव विनोद

(D) माधव विनोद, सीतवसन्त, जगत मोहन, जुगल विलास

50. जायसी की रचनाओं का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) पद्मावत, अखरावट, आखिरी कलाम, चित्ररेखा

(B) पद्मावत, मधुमालती, सत्यवती कथा, आखिरी कलाम

(C) अखरावट, चित्रावली, मधुमालती, कहरानामा

(D) चित्ररेखा, मसलानामा, आखिरी कलाम, मधुमालती

51. राम काव्यधारा के कवियों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) तुलसीदास, चतुर्भुजदास, विष्णुदास, नंददास

(B) नंददास, कृष्णदास, तुलसीदास, कुंभनदास

(C) आलम, रामसखे, तुलसीदास, नंददास

(D) श्याम सखे, बेनीमाधव, तुलसीदास, नाभादास

52. यशपाल के कहानी संग्रहों का **संगत** वर्ग बताइये :

(A) पिंजड़े की उड़ान, विपथगा, परम्परा, चिनगारी

(B) चिनगारी, खंडहर की आत्माएँ, आहुति, ज्ञानदान

(C) अमरवल्ली, शरणार्थी, सच बोलने की भूल, वो दुनिया

(D) पिंजड़े की उड़ान, वो दुनिया, ज्ञानदान, चिनगारी

53. पंत की रचनाओं का **संगत** वर्ग बताइए :

(A) उच्छ्वास, वीणा, ग्रन्थि, सच है

(B) उच्छ्वास, सच है, पल्लव, ग्रन्थि

(C) उच्छ्वास, वीणा, पल्लव, गुंजन

(D) उच्छ्वास, वीणा, गुंजन, सच है

54. निबन्धकारों का **संगत** वर्ग बताइए :

(A) महावीर प्रसाद द्विवेदी, चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी', श्यामसुन्दर दास, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(B) महावीर प्रसाद द्विवेदी, चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी', सुमित्रानन्दन पंत, सूर्यकान्त त्रिपाठी 'निराला'

(C) महावीर प्रसाद द्विवेदी, चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी', श्यामसुन्दर दास, रामचन्द्र शुक्ल

(D) महावीर प्रसाद द्विवेदी, चन्द्रधर शर्मा 'गुलेरी', श्यामसुन्दर दास, डॉ. रामकुमार वर्मा

55. कबीर की रचनाओं में कौनसा वैशिष्ट्य **संगत** है ?

(A) अवतारवाद, प्रेम-निरूपण, कर्मकाण्ड, रहस्यवाद

(B) रहस्यवाद, लीलागान, ब्रह्म निरूपण, अवतारवाद

(C) बाह्याचारों का खण्डन, हिंसा का विरोध, जाति-पाँति का अतिक्रमण, भक्ति की प्रतिष्ठा

(D) जगत की नश्वरता, गुरु महिमा, लीलागान, अवतारवाद

56. नागमती वियोग वर्णन में बारहमासा का कौनसा **संगत** क्रम है ?

(A) आषाढ़, सावन, भादों, क्वार

(B) पौष, फाल्गुन, माघ, अगहन

(C) अगहन, बैसाख, चैत, पूस

(D) माघ, फाल्गुन, जेठ, बैसाख

57. प्रसाद की कहानियों का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) छाया, प्रतिध्वनि, इंद्रजाल, आकाशदीप

(B) आकाशदीप, प्रतिध्वनि, इंद्रजाल, छाया

(C) प्रतिध्वनि, इंद्रजाल, छाया, आकाशदीप

(D) इंद्रजाल, छाया, प्रतिध्वनि, आकाशदीप

58. इनमें से लम्बी कविताओं का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) संशय की एक रात, अंधेरे में, चिड़िया की कहानी, लुकमान अली

(B) राम की शक्ति पूजा, समय देवता, अन्धेरे में, कुआनो नदी

(C) मुक्ति प्रसंग, पटकथा, नगई मेहरा, बावरा अहेरी

(D) समय देवता, परिवर्तन, असाध्य वीणा, पुष्प की अभिलाषा

59. इनमें से आर्य भाषाओं का **संगत** वर्ग कौनसा है ?

(A) तमिल, तुलु, संथाली, कोरकू

(B) हिंदी, पंजाबी, मराठी, बंगला

(C) पंजाबी, तुलु, कोरकू, संथाली

(D) हिंदी, मराठी, पंजाबी, तुलु

60. रचनाकाल के अनुसार रामकाव्यों का **सही** क्रम है :

(A) रामरक्षास्त्रोत, रामायण महानाटक, रामचरितमानस, मधुमालती

(B) रामरक्षास्त्रोत, रामचरितमानस, सुदामा चरित रामायन कथा

(C) रामरक्षास्त्रोत, रामचरितमानस, रामायण महानाटक, अध्यात्म रामायण

(D) रामचरितमानस, अध्यात्म रामायण, रामरक्षा-स्त्रोत, साहित्य लहरी

61. **स्थापना** : सूरदास अष्टछाप के कवि थे।

**तर्क** : अष्टछाप की स्थापना बल्लभाचार्य ने की थी।

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना सही, तर्क गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) स्थापना गलत, तर्क सही है

62. **स्थापना** : 'गोदान' उपन्यास को कृषक जीवन का महाकाव्य कहा जाता है।

**तर्क** : प्रेमचन्द ने 'गोदान' उपन्यास में स्त्री चरित्र को प्रधानता दी है।

(A) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) उपर्युक्त स्थापना सही और तर्क गलत है।

(C) उपर्युक्त स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(D) उपर्युक्त स्थापना गलत और तर्क सही है।

63. **स्थापना** : महादेवी वर्मा की कविता का केन्द्रीय वैशिष्ट्य वेदना है।

**तर्क** : वे वेदना के विराट चित्र बनाती हैं।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही, तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत, तर्क सही है

64. **स्थापना** : प्रसाद का जीवन-दर्शन शैव-दर्शन पर आधारित है।

**तर्क** : उनकी रचनाएँ शैव-दर्शन से अनुप्राणित हैं।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही, तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत, तर्क सही है

65. **स्थापना** : काव्यभाषा के रूप में खड़ी बोली की प्रतिष्ठा द्विवेदी युग में हुई।

**तर्क** : महावीर प्रसाद द्विवेदी ने खड़ी बोली का मानकीकरण किया।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही, तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत, तर्क सही है

66. **स्थापना** : तुलसीदास केवल अवधी के महाकवि थे।

**तर्क** : उनके सभी काव्य ग्रंथों की भाषा अवधी थी।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना गलत, तर्क सही है

(D) स्थापना सही, तर्क गलत है

67. **स्थापना** : 'रीतिमुक्त' का सीधा अर्थ है रीति परंपरा के साहित्यिक बंधनों और रूढ़ियों से मुक्त।

**तर्क** : 'रीतिमुक्त' काव्यधारा का नामकरण 'रीतिमुक्त' विवाद रहित है।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना गलत, तर्क सही है

(D) स्थापना सही, तर्क गलत है

68. **स्थापना :** अनुभाव वर्णन में बिहारी विशेष सफल रहे हैं।

**तर्क :** बिहारी में अनुभूति की गहनता नहीं थी।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना गलत, तर्क सही है

(D) स्थापना सही, तर्क गलत है

69. **स्थापना :** भामह ने अलंकार को काव्यात्मा के रूप में निरूपित किया।

**तर्क :** भामह अलंकार को सौंदर्य का पर्याय मानते थे।

(A) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(B) स्थापना सही और तर्क गलत है

(C) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(D) स्थापना गलत, तर्क सही है

70. **स्थापना :** कवि की प्रतिभा ही काव्य का हेतु है।

**तर्क :** प्रतिभा केवल कवि में होती है।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं।

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं।

(C) स्थापना गलत, तर्क सही है।

(D) स्थापना सही, तर्क गलत है।

71. **स्थापना :** चित्रतुरंग न्याय अनुमान प्रमाण पर आधारित है।

**तर्क :** इसमें प्रमाता चित्र के तुरंग को वास्तविक तुरंग अनुमान के आधार पर समझता है।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही, तर्क गलत है

(D) तर्क सही, स्थापना गलत है

72. **स्थापना** : विश्वम्भरनाथ उपाध्याय ने 'भारतीय काव्यशास्त्र का अध्ययन' द्वन्द्वात्मक भौतिकवाद के आलोक में लिखा है।

**तर्क** : उनका यह कार्य स्वच्छन्दतावादी दृष्टिकोण से प्रेरित है।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

73. **स्थापना** : 'जोगी मत जा' उपन्यास में ऐतिहासिक सन्दर्भों और फॅण्टेसी का समन्वय पाया जाता है।

**तर्क** : विश्वम्भरनाथ उपाध्याय के सभी उपन्यासों में फॅण्टेसी का प्रयोग उपलब्ध होता है।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

74. **स्थापना** : मुक्तिबोध अन्तर्विद्यावर्ती अनुशासन के सफल आलोचक हैं।

**तर्क** : उनकी आलोचनाओं में मार्क्सवाद समाजशास्त्र और सौन्दर्यशास्त्र का समावेश है।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

75. **स्थापना** : लोकायतन काव्य में अरविन्द दर्शन का प्रभाव पाया जाता है।

**तर्क** : सुमित्रानंद पंत प्रारम्भ से ही महर्षि अरविन्द के साथ रहे थे।

(A) स्थापना और तर्क दोनों सही हैं

(B) स्थापना और तर्क दोनों गलत हैं

(C) स्थापना सही और तर्क गलत है

(D) स्थापना गलत और तर्क सही है

ROUGH WORK